शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

संडे नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > रविवार, 5 सितंबर 2021 > भाद्रपद 14 शक संवत 1943 भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी विक्रम संवत 2078

www.navbharatgold.com

6 से 8वीं क्लास खोलने पर फैसला अगले हफ्ते

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

नई दिल्ली : दिल्ली में सीनियर क्लासेज के स्कूल खुल गए हैं और अब स्टूडेंट्स की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। दिल्ली सरकार भी सीनियर क्लासेज के स्कूलों से जरूरी फीडबैक हासिल कर रही है, ताकि बाकी क्लासेज को लेकर फैसला लिया जा सके। छठी से 8वीं क्लास के स्कूलों को खोलने को लेकर अगले हफ्ते कोई फैसला लिया जा सकता है। डीडीएमए की मीटिंग में ही तय होगा कि मिडिल क्लासेज के स्टूडेंट्स को अभी स्कूल जाने का मौका मिलेगा या उन्हें और इंतजार करना पड़ेगा।

> उपमुख्यमंत्री ने कहा, इन क्लासेज के बच्चे भी जाना चाहते हैं स्कूल

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कहना है कि सीनियर क्लासेज के स्कूल खुलने के बाद शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों से भी जरूरी फीडबैक हासिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 6 से 8वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चों के पैरंट्स भी उनसे संपर्क कर रहे हैं और काफी पैरंट्स चाहते हैं कि मिडिल क्लासेज के स्कूल भी खुलें। इन क्लासेज के स्टूडेंट्स भी अब स्कूल जाना चाहते हैं, लेकिन इस बारे में डीडीएमए की मीटिंग में ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है और स्कूलों को भी स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। पीतमपुरा वसुधा एन्क्लेव के एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि अब सीनियर क्लासेज में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ी है और अगर सरकार का आदेश होता है तो फिर मिडिल क्लासेज के लिए भी तैयारी की जाएगी। जागरूक पैरंट्स असोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि दिल्ली में केस काफी कम हैं और सीनियर क्लासेज के स्कूलों को लेकर अच्छा फीडबैक मिलता है तो बाकी क्लासेज के स्कूल भी खोले जा सकते हैं।